# राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांकः प.8(9) प.अ./पटवारी/RSMSSB/2015/259 दिनांक 1.2.2016

## विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांकः 13.02.2016 को आयोजित की जाने वाली पटवारी सीधी भर्ती (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2015 के समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा उक्त दिनांक को प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे के स्थान पर अब दोपहर 12.00 बजे से 03.00 बजे तक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है । अतः समस्त अभ्यर्थी उक्तानुसार परिवर्तित समय का विशेष ध्यान रखें एवं नियत समय से एक घण्टा पूर्व अर्थात् प्रातः 11.00 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हो जावें। अभ्यर्थियों को अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** से दिनांक 01 फरवरी 2016 से डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की गयी है।

सचिव

# <u>राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर</u>

क्रमांक : प.8(9) प.आ./पटवारी/ RSMSSB/ 2015 /260 दिनांक : 1-2-2016

## <u>विज्ञप्ति</u>

## <u>पटवार सीधी भर्ती प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 13.02.2016</u>
## <u>परीक्षार्थी और उनके अभिभावक कृपया ध्यान दें।</u>

1. पटवारी सीधी भर्ती प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 13.02.2016 को दोपहर 12 बजे से सांय 03 बजे के मध्य आयोजित होगी।
2. दिनांक 13 फरवरी 2016 को राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित की जाने वाली उक्त परीक्षा प्रारंभिक परीक्षा मात्र है। रिक्तियों की संख्या के निश्चित गुणक में, इस परीक्षा में सम्मिलित 8 लाख से अधिक परीक्षार्थियों मे से मेरिट के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए पात्र आवेदकों का चयन किया जायेगा और वे ही मुख्य परीक्षा में बैठ सकेंगे।
3. हाल ही में कई बोर्ड/आयोग/विभागों की प्रतियोगी परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा ब्लूटूथ, मोबाईल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा नकल कराने वाले गिरोहों के बाबत समाचार प्रकाशित हुए हैं। परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की गाढ़ी कमाई से अर्जित धन इन गिरोहों द्वारा ऐंठ लिया जाता है। बोर्ड द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल रोकने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर जैमर (जो मोबाईल व अन्य उपकरणों को निष्क्रिय कर देता है) लगाने और परीक्षार्थियों की गहन तलाशी का व्यापक इंतजाम किया जायेगा। अतः परीक्षार्थी व उनके अभिभावक ऐसे गिरोहों के जाल में नहीं फंसे। परीक्षार्थी ऐसे उपकरणों के जरिये नकल नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को आपराधिक प्रकरण में फंसने एवं बोर्ड की परीक्षाओं में सदैव के लिए अयोग्य घोषित कर दिए जाने से उनका केरियर बर्बाद होने की संभावना रहेगी।
4. परीक्षार्थियों को उनके गृह जिले के बाहर के जिले में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है। अतः परीक्षार्थी असुविधा से बचने के लिए नियत या निकटतम स्थान पर एक दिन पूर्व पहुंच लें। परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने और वापस लौटते हुए रेल व बसों की छतों एवं पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करे और अपनी जान जोखिम में न डालें। यात्रा के दौरान अनुशासन भी बनाये रखें।
5. परीक्षार्थियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए उपलब्ध परीक्षा केन्द्रों मे से कुछ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी को टेबल/कुर्सी उपलब्ध नहीं हो सकेगी। अतः सभी परीक्षार्थी ओ.एम. आर. उत्तर पुस्तिका नीचे रखने के लिए स्मूथ सरफेस का गत्ता/क्लिप बोर्ड/हार्ड बोर्ड लेकर आवें ताकि उनको उत्तर गोला भरने में परेशानी नहीं हो।

6. **ई–प्रवेश पत्र**: अभ्यर्थियों को अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** से दिनांक 01 फरवरी 2016 से डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की गयी है। अतः प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अंतिम समय का इंतजार नहीं करें। अभ्यर्थियों को डाक से प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।

7. **ड्रेस कोड की पालना करें** : (क) परीक्षा के दौरान सादे कपड़े पहनकर आवें। सूट, टाई, मफलर, जाकेट, कोट, जरकिन, ब्लेजर, शॉल आदि पहन कर नहीं आवें। परीक्षार्थी शर्ट, बिना जेब वाली गर्म जर्सी/स्वेटर जिनमें बड़े बटन नहीं लगे हों, पहनकर आवें। शर्ट में किसी तरह का बैज आदि नहीं लगा हो या ऐसे कपड़े जिसमें आपत्तिजनक सामग्री आदि छुपाये जाने की संभावना हो, पहनकर नहीं आवें। महिलायें अपने बालों में रबर बैण्ड या साधारण किस्म की हेयरपिन लगा कर आ सकती हैं।

(ख)परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी के समय अपना स्वेटर, जर्सी उतार कर/सिर से स्कार्फ आदि हटाकर/जूते मौजे उतार कर तलाशी देनी होगी।

8. **क्या लावें, क्या नही लावे :** ई–प्रवेश पत्र, (**2.5cm×2.5cm**) साईज का नवीनतम रंगीन फोटो, पहचान का एक अतिरिक्त फोटोयुक्त मूल दस्तावेज (यथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई.डी. आदि), पारदर्शी बाल पाइन्ट पैन, हार्ड बोर्ड/गत्ता/क्लिप बोर्ड साथ लेकर आवें।

1. परीक्षार्थी परीक्षा के लिए निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित होवें।
2. परीक्षार्थी अपने साथ किसी भी प्रकार की स्टेशनरी यथा–कागज का टुकड़ा, ज्योमेट्री बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, केलक्यूलेटर, स्केल, पेन ड्राइव, रबर, लॉग टेबल, स्केनर, हैण्ड बैग, पर्स, आदि साथ लेकर नहीं आवें।
3. परीक्षार्थी अपने साथ कम्यूनिकेशन डिवाइस, संचार संबंधी उपकरण यथा–मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, ईयर फोन, माईक्रोफोन, पेजर, आदि साथ लेकर नहीं आवें एवं घड़ी पहिनकर भी आने की अनुमति नहीं होगी।

सचिव